कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 26.11.2025

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विशेष शिविर का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर, महाविद्यालय दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह ग्राम कोलिहापुरी में प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस शिविर में प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं को राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव सिखाता है। तथा घर से दूर रहकर छात्रायें सामाजिक सद्भाव एवं सामांजस्य की शिक्षा प्राप्त करते है। पर्यावरण के प्रति जागरुकता एवं स्वच्छता का संदेश ग्रामीणों तक पहुँचाने का कार्य करते है।

माध्यमिक विद्यालय की प्रधानपाठिका श्रीमती सुनीति दुबे ने कहा कि स्वयंसेविकाओं के माध्यम से हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों को अनुशासन की प्रेरणा प्राप्त होती है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री रामकुमार साव ने छात्राओं द्वारा किये गये स्वच्छता, एवं अध्यापन कार्य की प्रशंसा की। तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के सफल आयोजन की शुभकामनायें दी।

कार्यक्रम की अधिकारी डॉ. सुषमा यादव ने सात दिवसीय विशेष शिविर में किये जाने वाले बौंद्धिक परिचिर्चा, श्रमदान, पी.टी., योगा, प्रभात फेरी, वृक्षारोपण, स्वास्थय शिविर, स्वच्छता जागरुकता के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कु. तृप्ति साहू, कु. टिंवकल, ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने आभार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, ग्राम पंचायत के सरपंच श्री ईश्वर साहू, उपसरपंच, पंच, शिक्षकगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहें। श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्राकर, कु. खुशबू साहू, कु. चंचल यादव, कु. हुनेश्वरी की विशेष सहभागिता रही।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : **26.11.2025**

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विशेष शिविर का आयोजन









**(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)